उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो। (186)

(राजस्व शाखा)
पत्रांक 2286 /रा0,

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता,
–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
बोकारो।

सेवा में,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग,
रॉची।

बोकारो, दिनांक 27/08/2020

विषय :– **व्हाट्सएप के माध्यम से Food Commission (DGRO) से प्राप्त शिकायत की जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, रॉची से प्राप्त व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत के आलोक मे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बोकारो से जॉच कर जॉच प्रतिवेदन की मॉग की गई थी। इस संदर्भ मे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बोकारो द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा जॉच करवाया गया, जॉचोपरांत उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि महिला संघ द्वारा वितरित माह अपैल 2020 की खराब गणवत्ता वाली पोषाहार सामग्री को लाभुकों द्वारा लेने से इंकार करने पर अच्छी गुणवत्ता वाली पोषाहार सामग्री मंगवाकर सेविका, महिला पर्यवेक्षिका एवं जन प्रतिनिधि की उपस्थिति में दिनांक 06.04.2020 को वितरण कर दिया गया।

अतः अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन समर्पित।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

अपर समाहर्त्ता
–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
बोकारो।

(184)

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो

Email -bokarodswo@gmail.com

(समाज कल्याण शाखा)

पत्रांक...886....../स0क0

प्रेषक :–

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
बोकारो।

सेवा में,

अपर समाहर्त्ता–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
बोकारो।

बोकारो, दिनांक 14/8/2020

विषय :– जाँच प्रतिवेदन भेजने के संबंध में।

प्रसंग :– आपका पत्रांक–1439/स0, बोकारो, दिनांक–26.06.2020

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि Whatsapp के माध्यम से Food Commission (DGRO) से प्राप्त शिकायत पत्र कम्पलेन नं0–55 के आलोक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पेटरवार के पत्रांक–117/बा0वि0, दिनांक–11.08.2020 के द्वारा जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

14/08/2020

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
बोकारो।

Tamjeed/Drive/Office Letter/Israt/Israt Letter

(184)

कार्यालय बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पेटरवार

पत्रांकः–...117 /बा०वि०

प्रेषकः–

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,
पेटरवार।

सेवा में,

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
बोकारो।

पेटरवार / दिनांकः–11 / 8 / 2020

विषय :– **Whatsap के माध्यम से Food commission (DGRO) से प्राप्त शिकायत के निष्पादन के संबंध में।**

प्रसंग :– **भवदीय पत्रांक– 750, दिनांक– 02.07.2020**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि भारतीय महिला संघ द्वारा वितरित माह– अप्रैल 2020 की खराब गुणवत्ता वाली पोषाहार सामग्री को लाभुको द्वारा लेने से इंकार करने पर अच्छी गुणवत्ता वाली पोषाहार सामग्री मंगवाकर सेविका, महिला पर्यवेक्षिका एवं जन प्रतिनिधि की उपस्थिति में दिनांक– 06.04.2020 को वितरण किया गया। इस संबंध में महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है।

अतः भवदीय को सादर सुचनार्थ प्रेषित।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
पेटरवार।

Scanned with CamScanner

(39)

Complaint Number - 55 (BOKARO)

पेटरवार पंचायत में लाभुकों ने किया हंगामा

कम और खराब स्तर का पोषाहार बांटा, हंगामा

पेटरवार | प्रतिनिधि

रोजगार ग्राम संगठन पेटरवार पर घटिया स्तर की पोषाहार सामग्री बांटने का आरोप लगाते हुए लाभुकों ने विरोध किया। लाभुकों ने पोषाहार सामग्री लेने से इंकार कर दिया। लाभुकों के बीच जो पोषाहार सामग्री दी गई थी, सभी सामग्रियों का वजन कम था। यह मामला पेटरवार पंचायत का है।

क्या है मामला: भारती महिला संघ ने गर्भवती और धातृ बच्चियों को पोषाहार सामग्री उपलब्ध कराने का जिम्मा रोजगार ग्राम संगठन पेटरवार को दिया है। चयनित दुकान से सामान लेकर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के माध्यम से यह सामग्री बांटी जाती है। केंद्र में बुलाकर पोषाहार सामग्री लाभुक को दी जाती है। सोमवार को रोजगार ग्राम संगठन से जुड़ी महिलाओं ने चावल, दाल और गुड़ टेंट हाउस के गंदे कपड़े में एक पोटली बनाकर पेटरवार की आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 202 में पहुंचा दिया। जहां सेविका के माध्यम से गर्भवती व धातृ बच्चियों को बुलाकर पोषाहार सामग्री दी गई।

क्या कहता है भारती महिला संघ: भारती महिला संघ के कार्यकर्ता रंजीत कुमार महतो ने कहा कि उक्त संगठन की तीन बार शिकायत मिल चुकी है।

लाभुकों ने लौटाई पोषाहार सामग्री।

ओरदाना से ली गई थी पोषाहार सामग्री

टीएचआर की पोषाहार सामग्री के लिए पेटरवार के श्याम सुंदर बुधिया फार्म का चयन भारती महिला संघ ने किया है। जहां से ग्राम संगठन से जुड़ी महिलाएं सामान लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों को देती है। लेकिन, रोजगार ग्राम संगठन से जुड़ी महिलाओं ने पेटरवार से पोषाहार सामग्री का उठाव नहीं करके ओरदाना के महेंद्र साव की दुकान से पोषाहार सामग्री का उठाव किया।

घटिया दाल देखकर लाभुकों ने लेने से किया इनकार

रोजगार ग्राम संगठन की महिलाओं ने जो पोषाहार सामग्री के रूप में जो दाल दी थी वह काफी खराब थी। जिसे देखकर लाभुकों ने पोषाहार की कोई भी सामग्री नहीं लिया और हंगामा किया। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका माया देवी ने कहा कि हम क्या कर सकते हैं जो पोषाहार सामग्री रोजगार ग्राम संगठन पेटरवार की ओर दी गई है, उसे ही बांट रहे हैं।